देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 157 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
प्रयासों का परिणाम



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 27 सितंबर 2023



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 22.0° 65945.47

2 यूक्रेन के मिसाइल हमले से दहला रूस
7 वो हरमनप्रीत कौर ने कर दिखाया

# उत्तराखण्ड में इको फ्रेंडली टूरिज्म को मिलेगी रफ्तार

## लंदन में सीएम पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में पोमा ग्रुप के साथ 2 हजार करोड़ रुपए का किया गया एमओयू

**संवाददाता**

लंदन। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंदन में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने लंदन के कई प्रमुख उद्योग घरानों से भेंट करते हुए उत्तराखण्ड में निवेश की सम्भावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री धामी की उपस्थिति में लंदन में पोमा ग्रुप के साथ 2 हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टर एमओयू साइन किया गया, राज्य सरकार की ओर से सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय ने एमओयू साइन किया। मुख्यमंत्री धामी ने सभी निवेशकों को आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु उत्तराखण्ड आने के लिए आमंत्रित भी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए उत्तराखण्ड में इको फ्रेंडली टूरिज्म के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। पोमा ग्रुप दुनियाभर में रोपवे निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी है। पोमा ग्रुप का उत्तराखण्ड में काम करने का बहुत पुराना अनुभव है चमोली जिले के औली रोपवे में पोमा ग्रुप तकनीकी सहयोग प्रदान कर चुका है इसके अलावा वर्तमान पोमा रोपवे देहरादून–मसूरी रोपवे, एवं यमुनोत्री रोपवे प्रोजेक्ट्स में भी तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पोमा ग्रुप द्वारा हरिद्वार समेत कई अन्य धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों में रोपवे के लिए तकनीकी सहयोग, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए निवेश की इच्छा जाहिर की गई।

सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार का फोकस पर्यटन के साथ–साथ इकोलॉजी और इकोनॉमी पर भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश के लिए ऐसे रास्तों की तलाश कर रही है जिसमें विकास और पर्यावरण का संतुलन बना रहे। ऐसे में रोपवे जैसे विकल्प उत्तराखण्ड में जहां एक ओर पर्यटकों को सुगमता प्रदान करेंगे वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की आजीविका के अवसर बढ़ने के साथ ही पर्यावरणीय दृष्टिकोंण से भी यह बेहतर सिद्ध होगा। प्रदेश में निवेश बढ़ने से अर्थव्यवस्था मजबूत होने के साथ ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।



### सर्विस सेक्टर का बड़ा केंद्र है लंदन

मुख्यमंत्री धामी ने लंदन में निवेशकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लंदन सर्विस सेक्टर का भी बड़ा केंद्र है इसलिए यहां टूरिज्म, आईटी, हेल्थकेयर के क्षेत्र के बड़े निवेशक कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड एक पर्वतीय राज्य होने के कारण यहां की कृषि जलवायु भी अन्य राज्यों से भिन्न है। आज के दौर में यूरोप से लेकर सभी देशों में ऑर्गेनेक उत्पादों की विशेष मांग हैं। उन्होंने कहा कि समिट के जरिए उत्तराखण्ड के उत्पादों को विदेशों में और प्रभावी रुप से पंहुचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दुनियाभर से निवेशक उत्तराखण्ड का रुख करें, ताकि यहां की औद्योगिक गतिविधियों को और रफ्तार मिल सके।

### उत्तराखण्ड में फार्मा एवं मेडिकल टेक्नोलॉजी की अपार संभावनाएं

ब्रिटेन इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक ग्लोबल सेंटर के रूप में स्थापित है। स्किल्ड मैनपावर ब्रिटेन की उपलब्धता इस क्षेत्र को गति प्रदान करती है। उत्तराखण्ड भी इनोवेशन एव टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत में अपनी एक पहचान बनाने में सफल रहा है। हेल्थ केयर एवं लाईफ साईन्सेस के क्षेत्र में ब्रिटेन अग्रणी हैं। ब्रिटेन द्वारा बायोटेक, फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल टेक्नोलॉजी में निवेश को वरीयता दी जाती है। उत्तराखण्ड भी भारत के फार्मा हब के रूप में प्रतिष्ठित है। राज्य में 3 फार्मा क्लस्टर हैं, जिनमें 300 से अधिक उद्योग कार्य कर रहे हैं। लंदन एवं मैनचेस्टर जैसे शहर इसके बेहतर उदाहरण हैं। उत्तराखण्ड में भी इसकी अपार सम्भावनायें हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी चुनाव से पहले शिवराज कैबिनेट की सौगात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मध्य प्रदेश में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शिवराज सरकार ने अतिथि विद्वानों को बड़ी सौगात दी है। मध्य प्रदेश सरकार ने सरकारी कॉलेजों में पढ़ाने वाले अतिथि विद्वानों का मासिक मानदेय 37,500 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को भोपाल में हुई कैबिनेट बैठक में मानदेय बढ़ाने फैसला लिया गया है। कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया गया।

### बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन को पड़ा दिल का दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन को दिल का दौरा पड़ा है। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन को शाम के समय कार्डियक अरेस्ट हुआ। जिसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद डॉक्टरों ने उनकी एंजियोप्लास्टी की।

# वे दिन खत्म हो गए, जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में विदेश मंत्री एस जयशंकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपनी जिम्मेदारियों को समझता है। विदेश मंत्री ने कहा कि वे दिन खत्म हो गए हैं, जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और दूसरों से उसके अनुरूप चलने की उम्मीद करते थे। यह विभिन्न देशों के साथ जुड़ने और जहां आवश्यक हो, हितों में सामंजस्य स्थापित करने की हमारी क्षमता और इच्छा में परिलक्षित होता है। यह क्वाड के तीव्र विकास में दिखाई देता हैय यह BRICS समूह के विस्तार या I2U2 के उद्भव में भी समान रूप से स्पष्ट है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में विदेश मंत्री में एस. जयशंकर ने कहा कि भारत की पहल की वजह से जी–20 में अफ्रीकन यूनियन को स्थाई सदस्यता मिली है। ऐसा करके हमने पूरे महाद्वीप को एक आवाज दी, जिसका काफी समय से हक रहा है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम से संयुक्त राष्ट्र, जो उससे भी पुराना संगठन है, सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाने के लिए प्रेरित होना चाहिए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में कहा कि दुनिया उथल–पुथल के असाधारण दौर से गुजर रही है।

जयशंकर ने भारत की अध्यक्षता में हुई जी20 समिट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, युवाओं को ध्यान में रखते हुए, भारत ने स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जी20 में यह अपनी तरह की पहली पहल है।

### जयशंकर ने कूटनीति और संवाद पर दिया जोर

विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब पूर्व–पश्चिम ध्रुवीकरण इतना तीव्र है और उत्तर–दक्षिण विभाजन इतना गहरा है, नई दिल्ली शिखर सम्मेलन भी इस बात की पुष्टि करता है कि कूटनीति और संवाद ही एकमात्र प्रभावी समाधान हैं। विदेश मंत्री ने भारतीय साझेदारी को लेकर कहा, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत विविध साझेदारों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। गुटनिरपेक्षता के युग से, अब हम विश्व मित्र–दुनिया के लिए एक मित्र के युग में विकसित हो गए हैं।

# वहीदा रहमान को 53वां दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सिनेमा जगत का सबसे जाना माना दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड एक बार फिर चर्चा में है। इसके लिए इस बार इंडस्ट्री की दिग्गज अदाकारा वहीदा रहमान का नाम चुना गया है। 53वें दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड के नाम का ऐलान खुद केंद्रीय और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया है। पिछले साल यह सम्मान आशा पारेख को मिला था। और अब ये वहीदा रहमान की झोली में गया है।

अनुराग ठाकुर ने ट्विटर पर लिखा, मुझे यह ऐलान करते हुए बेहद खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है कि वहीदा रहमान जी को भारतीय सिनेमा में उनके अमूल्य योगदान के लिए इस साल प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है। वहीदा जी को हिंदी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए क्रिटिक्स द्वारा सराहा गया है। उनकी प्यासा, कागज के फूल, चौदहवी का चांद, साहेब बीवी और गुलाम, गाइड, खामोशी समेत कई अन्य फिल्में हैं। अपने 5 दशकों से ज्यादा के करियर में, उन्होंने अपने किरदार को बेहद खूबसूरती से निभाया है। अनुराग ठाकुर ने आगे लिखा, इसी कारण उन्हें फिल्म रेशमा और शेरा में एक कुलवधू की भूमिका के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला।

### सम्मान

■सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया ऐलान

### मंत्री साहब ने किया महिला बिल का जिक्र

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ऐसे समय में जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा पारित किया गया है, उन्हें इस लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाना भारतीय सिनेमा की लीडिंग लेडीज में से एक के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है और जिन्होंने फिल्मों के बाद अपना जीवन परोपकार के लिए समर्पित कर दिया है। समाज का और भला होगा।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# क्यों अटका रखी हैं 80 फाइलें

### कॉलेजियम को लेकर सरकार पर फिर से भड़का सुको


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। छोटे से अल्पविराम के बाद एक बार फिर से न्यायाधीशों की नियुक्तियों को लेकर कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने सवाल किया कि केंद्र ने अभी तक उच्च न्यायालयों की सिफारिशें कॉलेजियम को क्यों नहीं भेजी हैं। नामों को मंजूरी देने में केंद्र द्वारा देरी का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि वे मामले की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति कौल ने केंद्र सरकार को सीधे संबोधित करते हुए कहा, उच्च न्यायालय के 80 नाम 10 महीने से लंबित हैं। आपका दृष्टिकोण जानना होगा ताकि कॉलेजियम निर्णय ले सके।

पीठ ने कहा कि 26 न्यायाधीशों का तबादला और संवेदनशील उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति लंबित है। अब इस मामले की सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

## न्यूज डायरी



### कनाडा में खालिस्तानी ही बने एक-दूसरे के खूने के प्यासे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोरंटो। कनाडा और भारत के बीच पिछले एक हफ्ते जारी तनाव में नया मोड़ आ गया है। अमेरिकी अखबार ने एक वीडियो के हवाले से कहा है कि सरे में 18 जून को हुई खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में जो बात अधिकारियों की तरफ से कही जा रही है, मामला उससे अलग है। अखबार की मानें तो जो कुछ भी बताया गया है कि निज्जर को मारने वाला ऑपरेशन उससे कहीं ज्यादा जटिल था। अखबार की रिपोर्ट के बाद अब विशेषज्ञ एक बार फिर कनाडा में पनपते गैंगवॉर को लेकर चर्चा करने लगे हैं। कई बार यह बात कही गई है कि कनाडा में खालिस्तानी गुटों के बीच अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए गैंगवॉर को बढ़ावा दिया जा रहा है। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के हाथ निज्जर की हत्या का वीडियो लगा है। यह वीडियो सुरक्षा कैमरों की मदद से रिकॉर्ड हुआ था। स्थानीय सिख समुदाय के सदस्यों का कहना है कि अधिकारियों की तरफ से उन्हें निज्जर की हत्या की जांच के बारे में बहुत कम बताया है। उनकी मानें तो पुलिस घटनास्थल पर बहुत देर से पहुंची और एजेंसियों के बीच असहमति की वजह से भी देरी हुई।

### संयुक्त राष्ट्र में गरजेंगे जयशंकर, दुनिया की नजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कनाडा, अमेरिका, पाकिस्तान के निशाने पर आए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना संबोधन देने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि जयशंकर इस वैश्विक मंच से खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या पर जस्टिन ट्रूडो के आरोपों पर दुनिया के सामने पूरी दृढ़ता के साथ अपना जवाब दे सकते हैं। इससे पहले ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने के विश्वसनीय आरोप हैं। अमेरिका ने भी कनाडा के सुर में सुर मिलाते हुए भारत से जांच में सहयोग की मांग की है। यही नहीं पाकिस्तान ने इस मौके पर भारत के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा में जमकर जहर उगला था। विदेश मंत्री जयशंकर के इस भाषण पर अब दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। भारत अभी इंतजार कर रहा है कि कनाडा कानूनी सबूत मुहैया कराए जिसमें वह दावा कर रहा है कि भारत का निज्जर हत्याकांड से संबंध है। इस बीच कनाडा ने भारत के लिए अपनी ट्रेवेल एडवाइजरी जारी की है और कनाडा के लोगों से सतर्क रहने के लिए कहा है।

### भारत-नेपाल संबंधों पर प्रचंड का चीन को दो-टूक संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड एक हफ्ते की आधिकारिक यात्रा पर चीन पहुंचे हैं। वह 30 सितंबर तक चीन में ही रहेंगे। नेपाल के प्रधान मंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद प्रचंड की यह पहली चीन यात्रा है। चीन इसे बड़े मौके के रूप में भुनाने की पूरी कोशिश कर रहा है। चीन को नेपाल में भारत और अमेरिकी की बढ़ती मौजूदगी से चिंता सता रही है। यही कारण है कि प्रचंड की अगवानी में चीन ने पलक-पांवड़े बिछा रखे हैं। प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने के बाद चीन को उम्मीद थी कि वह कम्युनिस्ट होने के कारण पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की तरह ही बीजिंग का समर्थन करेंगे। हालांकि, प्रचंड ने अपने 9 महीने के कार्यकाल में यह दिखा दिया है कि वह मंझे हुए राजनेता हैं, जो जानता है कि नेपाल जैसे छोटे और पहाड़ी देश को वैश्विक महाशक्तियों के बीच संतुलन के साथ कैसे रखना है।

### इमरान खान की उम्मीदों पर फिरा पानी, बढ़ी 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सिफर मामले में कोर्ट ने उनकी जल्द रिहाई की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए न्यायिक हिरासत को और 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। इमरान खान पर पिछले साल मार्च में वाशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास द्वारा भेजे गए एक केबल (सिफर) का खुलासा करके आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है।

# उत्तर कोरिया के बयान पर दक्षिण कोरिया लाल

**तनाव**

## राष्ट्रपति येओल के दिमाग में कचड़ा..., 10 साल बाद शक्ति प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सोल। दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया में एक बार फिर से तनाव भड़कता दिख रहा है। दक्षिण कोरिया 10 साल के बाद अपना पहला मिलिट्री परेड निकालने जा रहा है। इस दौरान दक्षिण कोरिया के महाविनाशक हथियार राजधानी सोल की सड़कों पर दिखाई देंगे। दक्षिण कोरिया के इस शक्ति प्रदर्शन के दौरान 2 किमी लंबी सड़क पर परेड निकाली जाएगी। यह मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम को 4 बजे परेड निकलेगी। दक्षिण कोरिया सशस्त्र बल दिवस के मौके पर यह परेड निकालने जा रहा है। इस ऐलान के बीच उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के खिलाफ आगबबूला हो गया है।

बताया जा रहा है कि दक्षिण कोरिया के इस परेड में 7 हजार सैनिक हिस्सा लेंगे। इसके अलावा 340 घातक हथियारों का दक्षिण कोरिया प्रदर्शन करेगा। इसमें टैंक, तोपें, लड़ाकू विमान और ड्रोन शामिल हैं। इस बीच उत्तर कोरिया ने रूस के साथ सैन्य संबंध पर उसे चेतावनी देने को लेकर दक्षिण कोरिया की निंदा की और देश के राष्ट्रपति यूं सुक येओल को एक ऐसा शख्स बताया जिसके दिमाग में कचरा भरा है। साथ ही उत्तर कोरिया ने उन्हें कूटनीति के मामले में मूर्ख भी कहा। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूं ने कहा था कि अगर उत्तर कोरिया और रूस हथियार समझौता करते हैं और उससे दक्षिण कोरिया को खतरा पैदा होता है तो वह शांत नहीं बैठेंगे।



**रूस को हथियार दे सकता है उत्तर कोरियाः** इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात तथा अहम सैन्य स्थलों की यात्रा के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस यात्रा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता जताई गई थी। ऐसी आशंका जताई जा रही थी कि यूक्रेन के साथ युद्ध के कारण खत्म हुई रूस की पारंपरिक हथियारों के भंडार को फिर से भरने के बदले में उत्तर कोरिया रूस पर परिष्कृत परमाणु और हथियार प्रौद्योगिकियों को प्राप्त करने के लिए दबाव डाल सकता है। उत्तर कोरिया के आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा, कठपुतली विश्वासघाती यूं सुक येओल ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में (उत्तर कोरिया) रूस के बीच संबंधों को बदनाम किया। रूस के साथ संभावित हथियार समझौते के बारे में चिंताओं के बारे में कोई बात किए बिना केसीएनए ने कहा कि पड़ोसी देशों के साथ करीबी संबंध बनाए रखना स्वाभाविक और वैध अधिकार है। केसीएनए ने कहा, दुनिया में कोई भी इस कठपुतली विश्वासघाती यूं सुक येओल की बातों पर ध्यान नहीं देगा, जो सिर्फ राजनीतिक में अपनी अपरिपक्वता, कूटनीतिक रूप से बेवकूफ और अक्षम मुख्य कार्यकारी के तौर पर बदनाम है।

# सीपीईसी का विस्तार नहीं करेगा ड्रैगन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कंगाल हो चुके पाकिस्तान को अब चीन से बड़ा झटका लगा है। चीन ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति के बीच चाइना-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर या सीपीईसी के और ज्यादा विस्तार को मंजूरी नहीं दी है। पाकिस्तान चाहता था कि चीन ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सीपीईसी के जरिए निवेश करे लेकिन बीजिंग ने ऐसा करने से मना कर दिया है।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक चीन और पाकिस्तान दोनों ही इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और इसी वजह से सीपीईसी के और ज्यादा विस्तार पर चीन ने रोक लगा दी है। वहीं पाकिस्तान ने चीन के आगे घुटने टेकते हुए ग्वादर में कोयला आधारित बिजली संयंत्र लगाने की चीन की योजना का विरोध छोड़ दिया है। यही नहीं चीन की विभिन्न मांगों को भी पाकिस्तान ने अब पूरा करने का वादा किया है। सीपीईसी पर संयुक्त समिति की बैठक में चीन और पाकिस्तान के बीच मतभेद साफ देखे गए। इसकी वजह से आम सहमति बनने में एक साल की देरी हो गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने पाकिस्तान के ऊर्जा, जल प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और टूरिज्म के क्षेत्र में पीओके में सीपीईसी का विस्तार करने पर अपनी मंजूरी नहीं दी है।



## चुपचाप पीओके क्यों पहुंचे पाकिस्तान में अमेरिका के राजदूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अमेरिका ने एक बार फिर ऐसा कदम उठाया है जो भारत को भड़काने वाला हो सकता है। पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने चुपचाप पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर का दौरा किया है। ब्लोम पिछले साल भी पीओके गए थे और तब भारत ने इसका विरोध किया था। ब्लोम ने पीओके को आजाद कश्मीर बता डाला है। उनके इस बयान के बाद भारत और अमेरिका के बीच कुछ तनातनी आ सकती है क्योंकि दोनों ही देशों के बीच पहले ही कनाडा की वजह से कुछ मतभेद आ गए हैं। ब्लोम ने गिलगित-बाल्टिस्तान में यूनिवर्सिटी में एक पौधा भी लगाया है। ब्लोम के इस कदम के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या अमेरिका खतरनाक तरीके से डबल गेम खेल रहा है।

# यूक्रेन के मिसाइल हमले से दहला रूस, कमांडर समेत 34 सैनिकों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। यूक्रेन ने रूस को लेकर एक बड़ा दावा किया है। यूक्रेन की स्पेशल फोर्सेज ने कहा है कि रूस के काला सागर बेड़े पर हमला किया है। इस हमले में कमांडर एडमिरल विक्टर सोकोलोव और 33 और सैनिकों की मौत हो गई है। यूक्रेन की तरफ से बताया गया है कि यह एक मिसाइल हमला था जिसे पिछले दिनों सेवस्तोपोल के क्रीमिया बंदरगाह पर हुआ था। काला सागर बेड़े के मुख्यालय पर यह हमला किया गया था। रूस के अधिकारियों ने सोमवार को कहा था कि एयर डिफेंस सिस्टम ने क्रीमिया प्रायद्वीप में सेवस्तोपोल पर यूक्रेन के मिसाइल हमले को फेल कर दिया है। अधिकारियों के दावे से अलग यूक्रेन की तरफ से आया बयान हैरान करने वाला है।

**रूस ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है**

**यूक्रेन का बड़ा दावाः** रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने बेलबेक एयर बेस के पास एक मिसाइल को मार गिराया। सेवस्तोपोल के मॉस्को की तरफ से नियुक्ति गवर्नर मिखाइल रजवोझायेव ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर यह बात कही है। इससे पहले, यूक्रेन की स्पेशल फोर्सेज ने कहा था कि सेवस्तोपोल में काला सागर बेड़े के मुख्यालय पर शुक्रवार को हुए हमले का टारगेट रूसी नौसेना की मीटिंग में शामिल सैनिक थे। स्पेशल फोर्सेज ने कहा, शरूसी काला सागर बेड़े के मुख्यालय पर हमले के बाद, बेड़े के कमांडर समेत 34 अधिकारियों की मौत हो गई। बाकी 105 सैनिक घायल हो गए। मुख्यालय की इमारत भी इसमें ध्वस्त हो गई है।

**क्या है सारा सचः** रिपोर्ट में सोकोलोव का नाम नहीं था। लेकिन यूक्रेन के गृह मंत्री के सलाहकार एंटोन गेराश्चेंको ने एडमिरल का नाम और एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। सोकोलोव की हत्या पर अभी तक रूस के रक्षा मंत्रालय ने कोई जवाब नहीं दिया है। शुक्रवार को हमले के बाद रूस ने बताया था कि एक व्यक्ति लापता है। थिंक टैंक का कहना है कि अगर यूक्रेन का दावा झूठा होता तो रूस के लिए उसे खारिज करना आसान काम होता।

### सेना ने पाकिस्तानी तालिबान के ठिकाने पर डाली रेड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सैनिकों ने अफगानिस्तान की सीमा के पास पूर्व पाकिस्तानी तालिबान के गढ़ में एक संदिग्ध आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी की। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, इस दौरान गोलीबारी हुई और तीन आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। एक सैन्य बयान के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक जिले खैबर में सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक आतंकवादी कमांडर भी शामिल था। सेना ने इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी है और कहा कि पहले इन आतंकवादियों ने ही पाकिस्तानी सैनिकों पर हमला किया था। पाकिस्तानी तालिबान, जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के नाम से भी जाना जाता है, वह एक अलग समूह है, लेकिन अफगान तालिबान के साथ संबद्ध है। इसने दो साल पहले अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था।


**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# मुआवजा प्रकरण से संबंधित मामलों में बहुत ही सतर्कता बरतने की जरूरत

**सुनवाई**

## पौड़ी, टिहरी, चमोली व रूद्रप्रयाग के कुल 29 मामलों की सुनवाई की गई’

आगामी 27 सितम्बर को 39 मामलों की सुनवाई की जायेगी

**संवाददाता**

पौड़ी। जनपद के विकास भवन सभागार में आज उत्तराखंड मानव अधिकार आयोग द्वारा न्यायमूर्ति बीके बिष्ट अध्यक्ष, उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग की अध्यक्षता में मानवाधिकार संरक्षण एवं सुशासन के संवेदनीकरण पर परिवादों की सुनवाई की गयी।

दिनांक 26 व 27 सितम्बर दो दिवसीय सुनवाई में आज जनपद पौड़ी, टिहरी, चमोली व रूद्रप्रयाग जनपदों के कुल 29 मामलों की सुनवाई की गयी, जिसमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि 18 शिकायातों को जिलाधिकारी के माध्यम से संबंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। मंगलवार को अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोनिवि दुगड्डा, जिलाधिकारी व वरिष्ट पुलिस



अधीक्षक कार्यालय पौड़ी, चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिखणीखाल, वरिष्ट पुलिस अधीक्षक पौड़ी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोनिवि बैंजरों, अधिशासी अभियंता अनुरक्षण खंड जल संस्थान पौड़ी, 12वां वृत्त लोनिवि पौड़ी, अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा पौड़ी , मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी, जिलाधिकारी कार्यालय टिहरी गढ़वाल, लोनिवि विभाग टिहरी, वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कार्यालय टिहरी, जिलाधिकारी कार्यालय चमोली, पुलिस अधीक्षक चमोली, अधिशासी अभियंता लोनिवि चमोली, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोनिवि थराली, पुलिस अधीक्षक कार्यालय रूद्रप्रयाग और जिलाधिकारी कार्यालय रूद्रप्रयाग के कुल 29 मामलों की सुनवाई की गयी। कल दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को कुल 39 मामलों की सुनवाई की जायेगी।

इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न प्रकार के मुआवजा प्रकरण से संबंधित मामलों में बहुत ही सतर्कता बरतने की जरूरत है। ऐसे मामलों का धरातल पर ठिक तरह से सत्यापन करके ही मुआवजा संबंधित मामलों का निस्तारण करना चाहिए ताकि इसमें किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा ना हो पाये और सरकार को अनावश्यक रूप से वित्तीय बोझ ना पड़े।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकार से प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से मुआवजा लेने की प्रवृत्ति बढ़ी है और इसमें लगातार वृद्वि देखी जा रही है। इसलिए ऐसे प्रकरणों में बहुत पारदर्शिता और जमीनी स्तर पर बारिकी से सत्यापन करने के पश्चात ही आगे बढ़ा जाय ताकि सरकार के वित्तीय संसाधनों का राष्ट्रहित में अधिक से अधिक सदपयोग हो सके और सरकारों से फ्री की स्कीम लेने की होड़ पर लगाम लग सके। क्योंकि देश के संसाधनों को उन जगहों पर लगाना चाहिए जहां से राष्ट्र का और अधिक जनमानस का भला हो सके।

## न्यूज डायरी

### 15 अक्टूबर को लगेगा बहुउदेशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठत्म न्यायमूर्ति एवं उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज तिवारी की अध्यक्षता में आगामी 15 अक्टूबर,2023 को राइका तलवाड़ी, तहसील थराली में बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीनियर सिविल जजधजिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिमरनजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में आम जन को विधिक जानकारियों के साथ जनपद के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और आम जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। बहुउदेशीय विधिक शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से बहुउदेशीय विधिक शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### गैराड़ गोल्ज्यू मंदिर में एक नाबालिग लड़के के विवाह को रोका गया

**संवाददाता** अल्मोड़ा। उपजिलाधिकारी सदर जयवर्द्वन शर्मा ने बताया कि दिनांक 25 सितम्बर, 2023 को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि गैराड़ गोल्ज्यू मंदिर में एक नाबालिग लड़के का विवाह किया जाना प्रस्तावित है। सूचना प्राप्त होने पर राजस्व विभाग, बाल विकास विभाग व पुलिस की सयुंक्त टीम मंदिर परिसर में विवाह कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व पहुँची। मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अल्मोड़ा, चौकी प्रभारी एन डी टी व नायब तहसीलदार अल्मोड़ा भी पहुंचे। सयुंक्त टीम द्वारा दोनों परिवारों को समझाया गया तथा परिवारजनों को बाल विवाह संबंधित कानूनों के बारे में बताए जाने पर उनके द्वारा प्रस्तावित विवाह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। साथ ही परिवारजनों को चेतावनी दी गयी कि विधिक आयु पूर्ण करने से पूर्व विवाह करने पर प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी।

### 27 को मंत्री रेखा आर्या जनपद भ्रमण पर रहेगी

**संवाददाता** अल्मोड़ा। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि मंत्री महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण रेखा आर्या इस जनपद के भ्रमण पर आ रहीं है। मंत्री दिनॉक 27 सितम्बर को प्रातः 09:30 बजे भवाली से प्रस्थान कर 10:30 बजे बेड़गॉव, कण्डारकुआ पहॅुचकर बस्ती सम्पर्क अभियान में प्रतिभाग करेंगी। 12:00 बजे बेड़गॉव से प्रस्थान कर 02:00 बजे ग्राम काण्डे, ताकुला पहॅुचकर बस्ती सम्पर्क अभियान में प्रतिभाग करेंगी। 04:00 बजे काण्डे से प्रस्थान कर 06:00 बजे सोमेश्वर पहॅुचकर रात्रि विश्राम सोमेश्वर में करेंगी।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को हर्षाल्लास के साथ मनाया जाएगा

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को हर्षाल्लास के साथ मनाए जाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में कार्यक्रम निर्धारण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर सभी शासकीय संस्थानों में प्रातः 8 बजे महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही गांधी जी के जीवन संघर्ष उनके देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा जिसमें विशेष रूप से निर्बलों के कल्याण संबंधी अंत्योदय की उनकी अवधारणा भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संबंध में उनके विचारों का संक्षेप में परिचय दिया जाएगा।

गांधी जयंती के अवसर पर खेल विभाग द्वारा बालक एवं बालिका वर्ग में क्रॉस कंट्री दौड़ एवं फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा शिक्षा विभाग द्वारा सभी स्कूलों व कॉलेजों में गांधीवादी जीवन दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर छात्र–छात्राओं के मध्य वाद–विवाद प्रतियोगिता या गोष्ठी का आयोजन करने के निर्देश दिए जिसमें जातिगत, भेदभाव से दूर रहकर समाज में समता और समरसता लाने पर बल दिया जाएगा तथा मानव सुरक्षा निर्बलों के उत्पीड़न को समाप्त करने के प्रति शासन की प्रतिबद्धता से जन सामान्य को अवगत कराया जाए।



## बी एल जुवांठा राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। नगर पंचायत के सौजन्य से मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत मंगलवार को बी एल जुवांठा राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कला, भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत ने स्वच्छता को लेकर छात्रों से विद्यालय परिसर समेत आसपास के गांव व अड़ोस पड़ोस में जागरूकता का संदेश पहुंचाने की अपील की साथ ही स्वच्छता को मुख्य उद्देश्य के रूप में जीवन में ढालने व बढ़ चढ़कर स्वच्छता अभियान में भाग लेने का संकल्प लेने का आह्वान किया। नगर पंचायत की ओर से प्रतिभागी छात्रों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वालों को 2 अक्टूबर को सम्मानित करने की भी बात कही।

# नैनीताल हाई कोर्ट ने लंढौरा में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के संबंध में दिए निर्देश

**संवाददाता** नैनीताल। नैनीताल हाई कोर्ट ने हरिद्वार जिले में रुड़की के लंढौरा में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं किये जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को पुल निर्माण के लिए बजट जारी करने को कहा है। साथ ही सचिव लोक निर्माण विभाग तथा चीफ इंजीनियर रुड़की से पुल के निर्माण के लिए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा है, नहीं करने पर सचिव लोक निर्माण विभाग व चीफ इंजीनियर रुड़की को 18 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप कोर्ट में पेश होने को कहा है।

**राज्य सरकार की ओर से किया जाना है पुल निर्माणः** सुनवाई के दौरान डिविजनल मैनेजर रेलवे

### चीफ इंजीनियर को पुल निर्माण की शीघ्र कार्रवाई के दिए निर्देश

मैनेजर कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होकर बताया कि पुल का निर्माण राज्य सरकार की ओर से किया जाना है। उन्होंने इसके लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है। लेकिन इस पर अग्रिम कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**हाई कोर्ट ने 2018 में ही ओवर ब्रिज के दिए थे निर्देशः** मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में लंढौरा निवासी सुभाष चंद की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा गया है कि हाई कोर्ट ने 2018 में रेलवे को लंढौरा में रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज बनाने के निर्देश दिये थे, लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया। यही नहीं रेलवे ने ओवर ब्रिज को बड़े वाहनों के लिये बंद कर दिया है।

**ब्रिज बंद होने से लोगों को ३५ किमी की अधिक दूरी करनी पड़ती है तयः** ब्रिज बंद होने से क्षेत्र के लोगों को 35 किलोमीटर अधिक जाना पड़ रहा है। जिससे लंढौरा के सात गांव प्रभावित हो रहे हैं। छात्र न स्कूल जा पा रहे हैं और न किसान अपनी फसल को बाजार तक ले जा पा रहे हैं। प्रदेश सरकार और रेलवे इस मामले में कुछ नहीं कर रही है। न ही रेलवे की ओर से कोर्ट में शपथ पत्र दिया गया। यह पुल 125 साल पुराना है।

## 28 से 30 सितंबर नेशनल मिलेट्स एग्रीकल्चर एंड गवर्नमेंट अचीवमेंट एक्सपो का आयोजन

**संवाददाता** चम्पावत। जिला मुख्यालय में ’28 से 30 सितंबर 2023 तक गोरल चौड़ मैदान में चंपावत में नेशनल मिलेट्स एग्रीकल्चर एंड गवर्नमेंट अचीवमेंट एक्सपो–2023’ का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त ’एक्सपो– 2023 का आयोजन ओलंपिया एक्सहिबिशन प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली द्वारा किया जाएगा।’ उक्त ’एक्सपो– 2023 में समस्त विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर उत्तराखंड सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा।’ यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा द्वारा ’सभी संबंधित विभागों को अपने–अपने विभागों की लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रदर्शन हेतु 28 से 30 सितंबर 2023 तक स्टॉल लगाने के निर्देश दिए गए हैं।’ साथ ही उन्होंने स्टॉल लगाने हेतु ओलंपिया एक्सहिबिशन प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के परियोजना निदेशक लोकेश चौधरी (93153825 81)से संपर्क कर स्टॉल लगाते हुए आम जनमानस को लाभ प्रदान करना भी सुनिश्चित करें।

"यदि समस्या का कोई समाधान नहीं है, तो फिर चिंता करने का भी कोई फायदा ही नहीं।"
-अज्ञात ।

विचार-प्रवाह देहरादून, बुधवार, 27 सितंबर 2023

पेज थ्री
www.page3news.in

# प्रयासों का परिणाम

**जी20 शेरपाओं और कूटनीतिज्ञों की टीम अलग-अलग उन सबसे बात करने और सहमति की एक साझा जमीन बनाने के प्रयासों में लग गई। रात भर चले इन प्रयासों का परिणाम यह रहा कि बैठक के पहले ही दिन प्रधानमंत्री ने दिल्ली घोषणा पर सहमति बनने का एलान कर दिया।**

आरती शाह।।

यह देखना दिलचस्प ही नहीं सुखद भी है कि जी20 का जो दो दिवसीय शिखर सम्मेलन एक बडी चुनौती के रूप में सामने आ रहा था, आयोजन समाप्त होते तक वह एक उपलब्धि में तब्दील हो गया। यों भी दुनिया की 20 सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था वाले देशों के राष्ट्राध्यक्षों का मिलन एक बड़ा मौका था और उसके आयोजन से जुड़ी अपनी चुनौतियां थीं, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बदलते वैश्विक समीकरण ने यह सवाल खड़ा कर दिया था कि इस अहम अंतरराष्ट्रीय मंच की प्रासंगिकता आगे उस रूप में बनी रह पाएगी या नहीं, जैसी अब तक रही है। ये सवाल तब और गहरे हो गए, जब पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और फिर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साफ कर दिया कि वे इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे। यही नहीं, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शिखर बैठक शुरू होने से कुछ दिन पहले सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि अगर संयुक्त वक्तव्य में यूक्रेन युद्ध पर रूस के पक्ष का ख्याल नहीं रखा गया तो वह उसे नामंजूर कर देगा।



चीन की तरफ से ऐसा कुछ कहा भले न गया हो, लेकिन यह स्पष्ट था कि वह जी20 की दिल्ली बैठक को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रहा और इस बैठक को बहुत कामयाब माना जाए इसमें उसकी कोई खास दिलचस्पी नहीं है। ऐसे में यह लगभग तय मान लिया गया था कि नई दिल्ली से जी20 का कोई संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं होगा।

तमाम प्रेक्षक इस मंच की प्रासंगिकता और दिल्ली बैठक की सार्थकता साबित करने वाले दूसरे बिंदुओं की ओर देखने लगे थे। लेकिन आखिर तक हार न मानने वाला भारतीय नेतृत्व का जज्बा ही कहिए कि माहौल की प्रतिकूलता के बावजूद नई दिल्ली में तमाम देशों के प्रतिनिधियों के आते ही जी20 शेरपाओं और कूटनीतिज्ञों की टीम अलग-अलग उन सबसे बात करने और सहमति की एक साझा जमीन बनाने के प्रयासों में लग गई। रात भर चले इन प्रयासों का परिणाम यह रहा कि बैठक के पहले ही दिन प्रधानमंत्री ने दिल्ली घोषणा पर सहमति बनने का एलान कर दिया। ध्यान रहे, बाली में हुई पिछली शिखर बैठक में साझा बयान जारी होने के बाद रूस ने उसके कुछ हिस्सों पर असहमति दर्ज कराई थी, लेकिन इस बार उसकी नौबत नहीं आई। हालांकि इस बयान में यूक्रेन युद्ध को लेकर सीधे तौर पर रूस का जिक्र भले न किया गया हो, यह जरूर कहा गया है कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल या इसके इस्तेमाल की धमकी अस्वीकार्य होगी। शिखर बैठक की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्य का दर्जा देकर अब यह ग्रुप जी21 हो गया है। इसके पीछे भी भारत के प्रयासों की स्पष्ट भूमिका रही। कुल मिलाकर नई दिल्ली बैठक में जहां यह अंतरराष्ट्रीय मंच पहले से ज्यादा प्रासंगिक और ज्यादा मजबूत होकर उभरा, वहीं विश्व रंगमंच में भारत की भूमिका भी पहले से अधिक महत्वपूर्ण, अधिक निर्णायक साबित हुई।

## धर्म कर्म




**अशोक वोहरा।**
किसी ऐसे इंसान की मदद कर देना या करते रहना जिससे उसका इंसानियत के सिवा और कोई रिश्ता ना हो, जिससे उसका कोई निजी स्वार्थ ना जुडा हो। घर के बाहर पशु पक्षियों के लिए दाना पानी रखना. चीटियों, को आटा डालना, आवारा पशुओं की मदद, मुसीबत मे फंसे किसी भी मनुष्य एवं जीव जंतु की मदद करना. यह सब पुण्य कर्मो का उदाहरण है। अतः पुण्य कर्म की ही सबसे उत्तम कर्म माना गया है. लेकिन यह सब कुछ धर्म कर्म के साथ करना होगा। धर्म यानी परिवार, समाज और संसार के हर जीव प्राणी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए हर जिम्मेदारी को सच्ची निष्ठां से निभाना और हर कार्य को पूरी ईमानदारी से पूर्ण करना।

## संपादकीय

### बिहार में सहूलियत

तथ्यात्मक तौर पर देखें तो बिहार इकलौता ऐसा राज्य है, जहां पूर्ववर्ती UPA का स्वरूप स्पष्ट है। कांग्रेस, लेफ्ट, JDU और RJD एक साथ हैं। जैसा पहले ही बताया गया है, इसे केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब में दोहराना बड़ी चुनौती है। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हमेशा BJP का विरोध करने वाले लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार समाजवादियों की दूसरी पीढ़ी के नेताओं में हैं, जिन्होंने इमरजेंसी देखी और इंदिरा गांधी के विरोध में जयप्रकाश नारायण के साथ एकजुट हुए थे। उनकी कोशिश है कि 1977 में जैसा गठबंधन कांग्रेस के खिलाफ बना था, उसी तरह की तैयारी BJP के खिलाफ 2024 में की जाए। इंदिरा के खिलाफ गठबंधन एक था लेकिन जनता पार्टी, भारतीय लोक दल, जनसंघ, स्वतंत्र पार्टी समेत सभी ने अपने-अपने सिंबल पर ही चुनाव लड़ा। यह फैसला रणनीति के तहत लिया गया था क्योंकि तब संचार क्रांति नहीं हुई थी। जिस इलाके में जो पार्टी मजबूत थी, वहां के वोटर उसे सिंबल से ही जानते थे। इस बार भी रणनीति वही होगी, लेकिन गठबंधन के लिए एक साझा लोगो जारी करने की तैयारी है। फिर भी BJP से लड़ने का फॉर्मूला बताना अलग बात है और उसे धरातल पर उतारना बिलकुल अलग। देखना होगा कि मुंबई में सीट शेयरिंग की इस चुनौती पर बात किस दिशा में और कितना आगे बढ़ती है।

लेकिन जहां तक नीतीश के इस फॉर्म्युले के इंपैक्ट की बात है तो उसकी प्रयोगशाला तय हो चुकी है। वह है यूपी का घोसी उपचुनाव, जहां पांच सितंबर को वोट डाले जाएंगे। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में उम्मीदवार नहीं उतारा है।

# यू-टर्न की चर्चा मंद

आलोक कुमार।।

नीतीश कुमार राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। बीजेपी को दूसरी बार बाय-बाय करने वाले नीतीश यू-टर्न वाली राजनीति के लिए बिहार के भीतर और बाहर आलोचना झेलते आए हैं। उनकी विश्वसनीयता दांव पर थी, लेकिन आज उस यू-टर्न की चर्चा मंद हो गई है। उन्होंने बीजेपी विरोध को राष्ट्रीय कलेवर देने की कोशिश कर इससे ध्यान हटाने में कामयाबी हासिल की है। इस साल अप्रैल में वह ममता बनर्जी से मिलने कोलकाता पहुंचे और TMC ने पश्चिम बंगाल की पेचीदा राजनीति में कांग्रेस को साधते हुए बीजेपी का विरोध करने पर सहमति जता दी। फिर उसी दिन वह लखनऊ में अखिलेश यादव से मिले। इससे पहले और इसके बाद नीतीश अरविंद केजरीवाल, स्टालिन, झ्ब् समेत तमाम विपक्षी नेताओं से मिलते रहे हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश दो ऐसे राज्य हैं, जहां नीतीश कुमार के वन टु वन फॉर्म्युले का लिटमस टेस्ट है। यह फॉर्म्युला है लोकसभा की अधिकतम सीटों पर BJP के खिलाफ इंडिया का कोई एक साझा प्रत्याशी खड़ा करने का।



यह कितना कठिन है, इसे ममता बनर्जी की मिसाल से समझिए। वह कांग्रेस से लड़ीं, फिर अलग होकर पश्चिम बंगाल की राजनीति में दबदबा कायम किया। इसके बाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की अगुआई वाले लेफ्ट फ्रंट को हराकर ज्ड॰ को सत्ता दिलाई। क्या अब इस मोड़ पर वह कांग्रेस और लेफ्ट फ्रंट से हाथ मिलाने को तैयार होंगी और इस तरह वन टु वन फॉर्म्युले को आगे बढ़ाने का जरिया बनेंगी? इस सवाल का जवाब शायद मुंबई की बैठक में मिले। लेकिन जहां तक नीतीश के इस फॉर्म्युले के इंपैक्ट की बात है तो उसकी प्रयोगशाला तय हो चुकी है। वह है यूपी का घोसी उपचुनाव, जहां पांच सितंबर को वोट डाले जाएंगे। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में उम्मीदवार नहीं उतारा है।

मायावती का स्टैंड अभी तक NDA और INDIA दोनों से अलग रहने का है, लेकिन घोसी में उम्मीदवार उनका भी नहीं है। ध्यान रहे, उपचुनाव न लड़ने की परंपरा मायावती त्याग चुकी हैं। 2020 के विधानसभा उपचुनावों और आजमगढ़ में लोकसभा उपचुनाव में BSP उम्मीदवार मैदान में थे। इसलिए घोसी का चुनाव परिणाम INDIA के लिए काफी अहम साबित होने वाला है।

खैर अब वन टु वन फॉर्म्युला देने वाले नीतीश कुमार पर लौटते हैं। 2013 में नरेंद्र मोदी का विरोध कर पहली बार BJP से अलग होने वाले नीतीश की साख 2023 में वैसी नहीं है। कहने को तो आज भी JDU उन्हें पीएम मटीरियल बताती है, लेकिन तब यानी 2013 में कांग्रेस के सत्ता में रहते वह मोदी का विरोध कर विपक्ष के पोस्टर बॉय बन गए थे।

आज राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और कर्नाटक-हिमाचल में मिली जीत से कांग्रेस का मनोबल बढ़ा हुआ है। ममता बनर्जी के साथ ही अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे और KCR की भी राजनीति BJP विरोध पर टिकी हुई है। ऐसे में पिछले साल नौ अगस्त की सुबह तक ठश्रच के साथ रहने वाले नीतीश को पीएम मटीरियल के तौर पर स्वीकृति मिलना आसान नहीं है। शायद इसीलिए INDIA के संयोजक बनने पर भी बयानबाजी तेज है। उकताकर नीतीश ने भी कह दिया है कि उन्हें किसी पद से मतलब नहीं है और वह सिर्फ सबको एकजुट कर रहे हैं।

### अष्टयोग- 4938

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 4937 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## अपना ब्लॉग

### तीसरे मोर्चे की कोई गुंजाइश नहीं

**मोहन।** दरअसल, पद निरपेक्ष मुद्रा रख कर नीतीश अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं। उन पर राष्ट्रीय जनता दल का भी दबाव है। तेजस्वी महागठबंधन की अगुआई करने के लिए तैयार बैठे हैं। नीतीश की रणनीति दिल्ली शिफ्ट होकर बिहार की राजनीति कंट्रोल करने की है। इसका उन्हें पुराना अनुभव है। कई फैक्टर उनके पक्ष में काम कर रहे हैं। नीतीश कुमार पांच दशक से राजनीति में सक्रिय हैं लेकिन उनकी छवि हमेशा बेदाग रही। उन्होंने हमेशा यह स्टैंड रखा कि बीजेपी से लड़ाई सीधी रखनी होगी, तीसरे मोर्चे की कोई गुंजाइश नहीं है। राजनीति से इतर व्यक्तिगत स्वभाव के कारण सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों खेमे में उनकी पैठ है। उनके पास सामाजिक सुधार आधारित विकास मॉडल है, जिसे अब दूसरे राज्यों में भी बढ़ाया जा रहा है। आधी आबादी पर फोकस इसके केंद्र में है। उनकी सरकार जातीय जनगणना पूरा करने की कोशिश कर रही है। इससे गैर यादव अन्य पिछड़ा वर्ग वोट बैंक जो BJP की तरफ शिफ्ट हो गया हैं, वापस उनकी ओर आ सकता है।





## अल्लू अर्जुन ने डॉटर्स डे पर बेटी अरहा संग शेयर किया प्यारा वीडियो


चौबीस सितंबर को डॉटर्स डे था। ऐसा दिन, जो दुनियाभर की तमाम बेटियों को समर्पित है। इस मौके पर एक्टर अल्लू अर्जुन ने बेटी के साथ एक प्यारा वीडियो बनाकर शेयर किया, जो चर्चा में है। वीडियो में वह बेड पर लेटे बेटी अरहा को खिलाते नजर आ रहे हैं और तेलुगू भाषा में कुछ-कुछ बोल रहे हैं। इस पर बेटी अरहा खिलखिलाकर हंस रही हैं। वीडियो शेयर कर अल्लू अर्जुन ने सभी को डॉटर्स डे की बधाई दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, श्उन सभी बेटियों को हैप्पी डॉटर्स डे, जो इस दुनिया को एक खूबसूरत जगह बनाती हैं।श् अल्लू अर्जुन के वीडियो पर फैंस के खूब कमेंट आ रहे हैं और वो पापा-बेटी के बॉन्ड की तारीफ कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन की तरह की 6 साल की अरहा भी स्टार हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं, और टैलेंटेड भी। हाल ही गणेश चुतर्थी के मौके पर नन्ही अरहा ने अपने हाथों से गणपति बप्पा की मूर्ति बनाई थी। अल्लू अर्जुन की पत्नी स्नेहा रेड्डी ने इसकी तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की थी। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो अल्ली अर्जुन इस वक्त पुष्पा 2 में बिजी हैं। पहले यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 2024 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया।

## इस बार निया शर्मा ने दिखाई सुबह की तरोताजा बिना फिल्टर वाली फोटो

खतरों के खिलाड़ी 11 की Nia Sharma ने कहीं जाते समय एक कैप्शन के साथ खूबसूरत सुबह की सेल्फी पोस्ट की। उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, श्मेकअप वाला चेहरा धोखा दे सकता है लेकिन सुबह का चेहरा... नहीं। उन्होंने कई तस्वीरों को पोस्ट किया, जिनमें से एक में सुबह की ताजा चमक थी और बाकी दो में शाम के समय का ग्लैमर था। उनके कुछ फैंस ने उनकी पोस्ट पर मजेदार कमेंट्स किए। निया शर्मा हमेशा नैचुरल खूबसूरती के लिए अपने प्यार के बारे में मुखर रही हैं और अक्सर इस बारे में बोलती भी रही हैं। उनकी बिना मेकअप वाली सेल्फी सोशल मीडिया पर अक्सर देखी जाने वाली भारी फिल्टर से बिल्कुल अलग है। सेल्फी में निया अपने बालों को पीछे खींचे हुए और चेहरे पर कोई मेकअप नहीं किए हुए नजर आ रही हैं। वह खिलखिलाती हुई मुस्कुरा रही हैं। फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी नैचुरल ब्यूटी की तारीफ कर रहे हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गणपति उत्सव मनाया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर जश्न की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए और वह चिकनकारी सूट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

## सलमान खान की भांजी अलीजेह की फिल्म फर्रे का टीजर रिलीज





सलमान खान की भांजी अलीजेह के डेब्यू को लेकर काफी समय से चर्चा था। आखिरकार उनकी डेब्यू फिल्म फर्रे की पहली झलक सामने आ गई है। जी हां, अलीजेह की इस डेब्यू फिल्म फर्रे का टीजर रिलीज हो गया है जो काफी प्रॉमिसिंग दिख रहा है। सलमान खान फिल्म्स में तैयार इस फिल्म की छोटी सी झलक दर्शकों के बीच थ्रिल पैदा करने में फिलहाल कामयाब नजर आ रही है। इस झलक को सलमान खान ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। सलमान खान की भांजी अलीजेह अपनी इस डेब्यू फिल्म के साथ जल्द ही सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर लोगों का दिल जीतती नजर आएंगी। हालांकि, सलमान खान के इस पोस्ट पर बहुत सारे लोगों ने उनसे रिक्वेस्ट किया है कि जल्द से जस्द वो टाइगर 3 का टीजर दिखाएं। काफी लोगों ने लिखा- भाई हमने सोचा था टाइगर 3 का है ये टीजर। इसके अलावा काफी सारे लोगों ने अलीजेह और फिल्म की टीम को बेस्ट ऑफ लक कहा है।

# राघव चड्ढा का घर दुल्हन के स्वागत के लिए है तैयार

*बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और रागव चड्ढा अब पति-पत्नी के रिश्ते में बंध चुके हैं। 24 सितम्बर 2023 को उदयपुर में परिवार और रिश्तेदारों के बीच दोनों ने शादी की कसमें खाईं और वे हमेशा के लिए एक हो चुके हैं। हालांकि, दोनों ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर काफी तस्वीरें इस शादी की शेयर भी की हैं, लेकिन लोगों की निगाहें वो देखना चाह रहीं जो अंदर चल रहा था। ऐसी ही कुछ अनदेखी तस्वीरें सामने आई हैं। इसी के साथ राघव के घर पर परिणीति के वेलकम की तैयारियां भी होती दिख रही हैं।*

**परिणीति चोपड़ा की शादी की अनदेखी तस्वीरें**

ये अनदेखी तस्वीरें राघव और परिणीति की शादी वाले कार्यक्रम से सामने आई हैं। इस तस्वीर में परिणीति और राघव हाथों में हाथ डाले बेहद खुश नजर आ रहे हैं। दोनों की निगाहें एक ही तरफ हैं जैसे सामने कोई उनसे कुछ कह रहा हो।

**सोमवार को उदयपुर से पूरे परिवार के साथ रवाना**

बता दें कि दोनों शादी के बाद अब सोमवार को उदयपुर से पूरे






एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

परिवार के साथ रवाना हो चुके हैं। वहीं राघव चड्ढा के घर की तस्वीरें भी सामने आ रही हैं, जिसमें दिख रहा है कि आनेवाली बहू के लिए घर को कैसे तैयार किया गया है।

**परिणीति और राघव की रिसेप्शन की भव्य तैयारी**

बताया जा रहा है कि परिणीति और राघव की रिसेप्शन की भव्य तैयारी है। उदयपुर के बाद अब दिल्ली और मुंबई में धूमधाम से रिसेप्शन का भी इंतजाम किया जा रहा है। जहां दिल्ली में पॉलिटिकल हस्तियां और परिवार के लोग इस रिसेप्शन का हिस्सा बनेंगे वहीं मुंबई में फिल्मी हस्तियों का भी मेला इस मौके पर खूब सजने वाला है।

# उम्मीद है हमारे संग पागलपन में डूबने के लिए तैयार हैं राघव चड्ढा



*परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा पूरे धूमधाम से शादी के बंधन में बंध चुके हैं। 24 सितम्बर रविवार को हुई शादी के बाद आज सोमवार को दोनों ने शादी की अपनी खूबसूरत तस्वीरें फैन्स से भी इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। दूल्हा-दुल्हन इन तस्वीरों नें खूब जंच रहे हैं। ऐसी उम्मीद थी कि परिणीति और राघव की शादी में प्रियंका चोपड़ा हसबैंड निक जोनस और बेटी मालती के साथ यहां जरूर हाजिर होंगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब प्रियंका चोपड़ा ने शादीशुदा जोड़ी को बधाइयां देते हुए उनके लिए कुछ संदेश शेयर किया है।*

प्रियंका चोपड़ा ने भी परिणीति और राघव के वेडिंग फोटोज शेयर किए हैं। इन्हीं तस्वीरों के साथ न्यूली मैरिड कपल को पीसी ने ढेर सारी बधाइयां भी दी हैं। प्रियंका चोपड़ा ने लिखा है, पिक्चर परफेक्ट, शादीशुदा इस नई जोड़ी के लिए बहुत सारा प्यार भेज रही हूं। राघव चड्ढा, चोपड़ा फैमिली में आपका स्वागत है। उम्मीद है कि आप हमारे साथ पागलपन में डूबने के लिए तैयार हैं।

**प्रियंका ने कहा- तिशा तुम अब तक की सबसे खूबसूरत दुल्हन हो**


प्रियंका ने आगे लिखा, श्तिशा तुम अब तक की सबसे खूबसूरत दुल्हन हो, हम तुम्हें और राघव को जीवन भर की खुशियों के लिए ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद भेज रहे हैं। एक-दूसरे का ख्याल रखना और इस खूबसूरत प्यार की रक्षा करना। लव यू लिटिल वन।

**मधु चोपड़ा ने बताया, क्यों नहीं आईं प्रियंका**

प्रियंका चोपड़ा के इस पोस्ट पर कई लोगों ने उनसे सवाल भी किया है कि आप शादी में क्यों नहीं आईं, आपके और परिणीति के बीच कोई प्रॉब्लम तो नहीं? बता दें कि आज सोमवार सुबह जब। उदयपुर से शादी अटेंड कर प्रियंका की मां मधु चोपड़ा एयरपोर्ट पहुंचीं तो पपराजी ने यही सवाल पूछा कि प्रियंका क्यों नहीं आईं। मां ने बताया कि प्रियंका अपने प्रफेशनल कमिटमेंट्स की वजह से ये शादी अटेंड नहीं कर पाईं। वहीं प्रियंका चोपड़ा की इंस्टाग्राम स्टोरी वाली तस्वीर भी खूब चर्चा में है। प्रियंका ने बेटी मालती के साथ पूल वाली तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों पानी में मजा करती दिख रही हैं। इस तस्वीर में प्रियंका बिकीनी में नजर आ रही हैं और बिटिया मालती को पानी में ऊपर उछालती दिख रही हैं।

# आज ही शुरू कर दें काम, दूर रहेंगी सारी बीमारियां

*आजकल कम उम्र में भी बड़ी बड़ी बीमारियां शरीर को घेर लेती हैं। 20 से 30 साल के लोगों में ही डायबिटीज, हार्ट अटैक, कैंसर, फैटी लिवर और कई सारी बीमारियों के लक्षण देखने को मिल जाते हैं। सबसे कमाल की बात यह है कि इनमें से कई बीमारियों की शुरुआत का मरीज को पता ही नहीं चलता। जब डिजीज लास्ट स्टेज में पहुंच जाती है तो इलाज करना मुश्किल हो जाता है।*



### लाइफस्टाइल चॉइस का मतलब

लाइफस्टाइल का आपकी हेल्थ पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। आप रोजाना की जिंदगी किस तरह जीते हैं, इसी से आपका स्वास्थ्य बनता है। इसमें आप क्या खाते हैं, कितनी एक्सरसाइज करते हैं और किन टॉक्सिन के कॉन्टैक्ट में आते हैं, ये सारी चीजें शामिल होती हैं। इन्हें सुधारने के लिए न्यूट्रिशनिस्ट ने 3 काम करने की सलाह दी है।

इन बीमारियों से बचने का सबसे आसान तरीका इनके कारण से दूर रहना है। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट श्वेता शाह ने बताया कि 90 प्रतिशत बीमारियों की जड़ आपकी लाइफस्टाइल चॉइस होती हैं। बाकी की 10 परसेंट बीमारियां जेनेटिक्स होती हैं यानी फैमिली हिस्ट्री से आती हैं। इन दस प्रतिशत रोगों के गंभीर होने में भी जीवनशैली से जुड़ा आपका चुनाव बड़ा असर डालता है।

### खाने की प्लेट से करें शुरुआत

लाइफस्टाइल सुधारने के लिए सबसे पहले अपनी प्लेट पर ध्यान दें। अपनी डाइट में फाइबर, प्रोटीन, हेल्दी कार्ब्स, हेल्दी फैट, विटामिन और मिनरल देने वाले फूड्स का एक बैलेंस्ड मिक्सचर शामिल करें। इसके साथ अनहेल्दी फूड्स, ट्रांस फैट्स, हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स फूड्स और अत्यधिक नमक को बिल्कुल दूर कर दें।

### चलना-फिरना शुरू करें

फिट और हेल्दी रहने के लिए एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है। वर्कआउट और योगा सिर्फ आपको डायबिटीज, कैंसर या कार्डियोवैस्कुलर डिजीज से दूर नहीं रखते, बल्कि शरीर को ताकत भी देते हैं। लेकिन लोगों को अक्सर शिकायत रहती है कि उन्हें एक्सरसाइज करने का वक्त नहीं मिलता। ऐसे लोग घर पर 10 मिनट व्यायाम करके या फिर चलने–फिरने, सीढ़ी चढ़ने जैसी फिजिकल एक्टिविटी से भी शुरुआत कर सकते हैं।

### टॉक्सिन्स से रहें दूर

कई सारे प्लांट और एनिमल टॉक्सिन पैदा करते हैं, जो हमारे शरीर के लिए घातक साबित हो सकते हैं। सिगरेट, तंबाकू, शराब में ये टॉक्सिन भारी मात्रा में होते हैं, जो शरीर को अंदर से सड़ा सकते हैं। इन टॉक्सिन्स को अधिकतर कैंसर की जड़ माना जाता है। इसलिए इन्हें दूर करके न्यूट्रिशनिस्ट नेचुरल और इको फ्रेंडली प्रॉडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह देती हैं।





## इस भयंकर बीमारी में धीरे–धीरे बोलने लगता है मरीज, खाना शुरू करें ये चीजें


इस भयंकर बीमारी का नाम डिप्रेशन है, जिसमें मरीज के बोलने की स्पीड काफी धीमी हो जाती है। वह दबी आवाज में बात करने लगता है। मायोक्लिनिक के मुताबिक इसके अलावा भी डिप्रेशन में हर वक्त उदासी, खालीपन, दिलचस्पी खोना, नींद न आना या बहुत ज्यादा आना, भूख न लगना या बहुत ज्यादा लगना, एंग्जायटी, सुसाइड के बुरे ख्याल आना, बिना कारण पीठ या सिर दर्द भी हो सकता है। ये बताने की जरूरत नहीं है कि सब्जियों में हर महत्वपूर्ण विटामिन और मिनरल होता है। दिमाग को हेल्दी रखने के लिए भी ग्रीन वेजिटेबल्स खानी चाहिए। 2020 में पब्लिश हुई इस स्टडी की तरह कई सारे शोध में यह देखा गया है कि हरी सब्जियां और फल खाने से मेंटल हेल्थ अच्छी रहती है और अवसाद से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। सेलेनियम एक जरूरी न्यूट्रिएंट है, जिसकी कमी से डिप्रेशन हो सकता है। इसमें इंसान खुद को लेकर काफी नेगेटिव हो जाता है। इसलिए अवसाद से लड़ने के लिए सेलेनियम देने वाले खाद्य पदार्थ खाने चाहिए। यह पोषक तत्व अखरोट, ब्राजिल नट्स, काजू जैसे फूड्स में मिलता है। ब्लूबेरी, स्ट्राबेरी, ब्लैकबेरी खाना दिमाग के लिए काफी अच्छा होता है। इनके अंदर एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो ब्रेन फंक्शन को बढ़ाते हैं और डिप्रेशन, एंग्जायटी के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं।

## बादाम–काजू छोड़िए, दिमाग तेज करने के लिए खाएं ये सब्जी

याद रहे कि दिमाग को मजबूत बनाने से आपको मानसिक स्वास्थ्य को सही रखने, सीखने और याददाश्त में सुधार करने, तनाव को कम करता है और खुशहाल जीवन बिताने, करियर में सफलता पाने, पॉजिटिव रहने आदि में मदद मिलती है। दिमाग तेज करने के उपाय क्या हैं और दिमाग तेज करने के लिए क्या खाना चाहिए? मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए खाने–पीने का विशेष ध्यान रखना चाहिए। दिमाग को स्वस्थ और तेज रखने के लिए कुछ खास सब्जियां आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं। ब्रोकोली में विटामिन ज्ञ, सेलेनियम, और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो मेंटल हेल्थ को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। ब्रोकोली ग्लूकोसिनोलेट्स नामक यौगिकों से भरपूर होती है। जब शरीर इन्हें तोड़ता है, तो वे आइसोथियोसाइनेट्स का उत्पादन करते हैं। आइसोथियोसाइनेट्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम कर सकते हैं और न्यूरोडीजेनेरेटिव डिसऑर्डर के जोखिम को कम कर सकते हैं। इस बात के प्रमाण हैं कि बीटा कैरोटीन अन्य एंटीऑक्सीडेंट की तरह दिमागी कामकाज में सुधार कर सकता है।

## किचन में पड़ी ये चीज दांतों पर रगड़ें, खुद उतरेगी पीली परत





पीले दांतों की वजह से अधिकतर लोग परेशान रहते हैं। दांतों पर जमी पीली परत किसी के लिए भी शर्मिंदगी का कारण बन सकती है। इसे प्लैक कहा जाता है, जो खाने–पीने की चीजों से दांतों पर जमता है। जब दांतों की अच्छी तरीके से सफाई नहीं की जाती, तो यह दांतों की जड़ों में घुस सकता है और उन्हें कमजोर बना सकता है। ऐसा होने से आपको पायरिया, मसूड़ों में ब्लीडिंग, मुंह से दुर्गंध आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हल्दी एक पूरी तरह से प्राकृतिक उत्पाद है। दांतों की समस्याओं के इलाज में आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। अच्छी बात यह है कि इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। हल्दी के इस्तेमाल से मसूड़े की सूजन, मसूड़ों का दर्द, दांतों के इनेमल की समस्या, दांतों को सफेद करने, मसूड़ों में दर्द और सूजन का खतरा कम करने आदि में मदद मिलती है। हल्दी एक एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल जड़ी बूटी है और यही वजह है कि यह ओरल हेल्थ के लिए बढ़िया ऑप्शन है। 2012 में एक अध्ययन से पता चला है कि हल्दी में मौजूद करक्यूमिन मसूड़े की सूजन, या मसूड़ों की बीमारी को रोक सकता है। सही तरीके से इस्तेमाल करने पर यह माउथवॉश की तुलना में प्लैक, बैक्टीरिया और सूजन को हटाने में मदद करती है।

# रंग पर न जाएं, 100 बीमारियों की दवा हैं 10 काली चीजें

*काले रंग के कुछ खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इन्हें खाने से शरीर को विभिन्न पोषण और स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। काले रंग की कुछ चीजों में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कि विटामिन ङ और ग होते हैं, जो शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। इनमें भारी मात्रा में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों के लिए जरूरी है। ऐसे खाद्य पदार्थ फाइबर का अच्छा स्रोत होते हैं, जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं। कुछ काले रंग के खाद्य पदार्थ जैसे कि बदाम और काले तिल, याददाश्त को सुधारने में मदद कर सकते हैं और दिमागी स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा आपको कुछ ऐसे ही काले रंग की चीजों के बारे में बता रही हैं जिन्हें आपको जरूर खाना चाहिए।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



### काला चना और जीरा

काले चने में प्रोटीन, फाइबर, और विटामिन की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन को सुधारता है और हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसी तरह काले जीरे में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो आपको बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं और पाचन को सुधारते हैं।



### काली मिर्च और काली दाल

ठीक इसी तरह काली मिर्च में पौष्टिक अदभुत गुण होते हैं, जो पाचन को बेहतर बनाते हैं और इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देते हैं।काली दाल में फाइबर, प्रोटीन और फॉलेट होते हैं, जो हेल्दी हार्ट के लिए फायदेमंद होते हैं।

### काली चाय और काले सेम

काली चाय अच्छी सेहत के लिए फायदेमंद होती है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो फ्री रेडिकल्स को नष्ट करते हैं और हृदय स्वास्थ्य को सुधारते हैं। काले सेम विटामिन, खनिज, प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत हैं। इनमें कैलोरी और फैट कम होते हैं।

### काला अंगूर और काले तिल

काले अंगूर में विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं और कैंसर से लड़ने में मदद करते हैं। इसी तरह काले तिल में कैल्शियम, आयरन, और मैग्नीशियम होते हैं, जो हड्डियों के लिए फायदेमंद होते हैं।

### काली उड़द दाल और कड़ी पत्ता

काला कड़ी पत्ता शरीर के विटामिन की आपूर्ति को बढ़ावा देता है और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसी तरह काली उड़द दाल में प्रोटीन, फाइबर और फॉलेट होते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं और ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करते हैं।



दो मैचों के बैन के बाद किया कमाल

बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में हरमनप्रीत कौर पर अंपायर और खिलाड़ियों संग बदसलूकी करने के लिए आईसीसी ने दो मैचों का बैन लगाया था। यही वजह थी कि हरमनप्रीत एशियन गेम्स 2023 के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच में हिस्सा नहीं ले सकी थीं। फाइनल में हरमनप्रीत की टीम में वापसी हुई, जहां भारतीय टीम ने जोरदार खेल दिखाते हुए इतिहास रचा।

## जो धौनी-कोहली नहीं कर सके वो हरमनप्रीत कौर ने कर दिखाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन की धरती पर भारत की बेटियों ने सोमवार को नया इतिहास लिखा। एशियन गेम्स 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रीलंका को फाइनल में 19 रन से हराते हुए देश को इस खेल में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। दो मैचों के बैन के बाद लौटीं हरमनप्रीत ने भारत को गोल्ड मेडल दिलाने के साथ-साथ टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में वो मुकाम हासिल कर लिया है, जो अब तक कोई भी भारतीय कप्तान हासिल नहीं कर सका है। दरअसल, हरमनप्रीत कौर मेंस और विमेंस क्रिकेट में भारतीय टीम की 100 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में कप्तानी करने वाली पहली कप्तान बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यह मुकाम एशियन गेम्स 2023 के फाइनल में हासिल किया। हरमनप्रीत के बाद इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर एमएस धोनी का नाम है, जिन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत की अगुआई 72 मैचों में की। वहीं, रोहित शर्मा 51 मैचों में टीम इंडिया का नेतृत्व कर चुके हैं। विराट कोहली की कप्तानी में टी-20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम ने कुल 50 मैच खेले।

## न्यूज डायरी



### भारत की बेटियों के सामने स्क्वैश में पानी मांगने लगे पाकिस्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगझोऊ। भारतीय स्क्वैश टीमों ने एशियन गेम्स की पुरुष और महिला स्पर्धाओं में दमदार आगाज करते हुए में क्रमशः सिंगापुर और पाकिस्तान पर आसान जीत दर्ज की। अनुभवी जोशना चिनप्पा, 15 साल की अनाहत सिंह और तन्वी खन्ना की तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम ने पूल बी के अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान को 3-0 से मात दी। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम के लिए हरिंदर पाल संधू, सौरव घोषाल, अभय सिंह ने जीत दर्ज की। महिला वर्ग में एशियाई खेलों में पदार्पण कर रही अनाहत ने शुरुआती मुकाबले की सादिया गुल को 16 मिनट में 11-6, 11-6, 11-3 से शिकस्त दी। एशियाई खेलों के छठे सत्र में खेल रही अनुभवी जोशना को नूर उल हुदा सादिया को 11-2, 11-5, 11-7 से हराने में महज 13 मिनट का समय लगा। तन्वी ने इसके बाद नूर उल इन इजाज को 11-3, 11-6, 11-2 से हराकर भारतीय प्रभुत्व कायम किया। पूल ए और पूल बी से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पूल बी में भारत और पाकिस्तान के अलावा मलेशिया, चीन और नेपाल की टीमें हैं। पुरुष वर्ग में हरिंदर ने 39 मिनट तक चले मैच को 11-4, 13-11, 8-11, 11-7 से जीता। भारतीय पुरुष टीम को दिन के एक अन्य मुकाबले में कतर का सामना करना है जबकि बुधवार को उसके सामने पाकिस्तान की चुनौती होगी।

### आरोन फिंच का मानना है कि अश्विन वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं बना पाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रविचंद्रन अश्विन की 20 महीने बाद वनडे टीम में वापसी हुई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में अश्विन का प्रदर्शन भी जोरदार रहा है। दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में अश्विन ने तीन बड़े विकेट चटकाते हुए वर्ल्ड कप 2023 के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। हालांकि, इन सबके बावजूद अश्विन भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने में नाकाम रहेंगे। ऐसा हम नहीं, बल्कि पूर्व कंगारू कप्तान आरोन फिंच का मानना है। आरोन फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स के शो पर बातचीत करते हुए कहा, मुझे लगता है कि फाइनल 15 में जगह बनाने के लिए अश्विन संघर्ष करेंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया सीरीज में भारतीय टीम के खिलाड़ी इतनी क्रिकेट खेल चुके अश्विन से बड़े मैचों को लेकर काफी कुछ सीख सकते हैं। चाहे टी-20 हो या फिर टेस्ट अश्विन ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपने करियर में बड़े मैचों में दमदार प्रदर्शन करते आए हैं। हालांकि, अगर अश्विन मेंटोर की तरह टीम के साथ रहेंगे, तो मैं सरप्राइज नहीं होऊंगा, पर मुझे नहीं लगता है कि वह 15 खिलाड़ियों में अपनी जगह बना पाएंगे। रविचंद्रन अश्विन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं।

### एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली के रिटायरमेंट को लेकर दिया बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली इन दिनों अपनी प्रचंड फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली का बल्ला जमकर आग उगल रहा है और उनकी दमदार बल्लेबाजी ने वर्ल्ड कप 2023 से पहले दुनियाभर के गेंदबाजों की नींद उड़ा रखी है। विराट की रनों की भूख लगातार बढ़ती ही जा रही है, जिसकी झलक एशिया कप 2023 में भी दिखाई दी। किंग कोहली ने खुद की बॉडी को भी बेहतरीन तरीके से मेंटेन कर रखा है और फिटनेस का जवाब नहीं है। यही वजह है कि विराट के इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट को लेकर किसी भी तरह की कोई चर्चा नहीं हो रही है। हालांकि, कोहली के खास दोस्त और साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने विराट को व्हाइट बॉल की क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय बताया है। एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कोहली के रिटायरमेंट को लेकर कहा, मुझे पता है कि उनको साउथ अफ्रीका आना पसंद है, लेकिन यह कहना काफी मुश्किल है। इसमें अभी काफी समय है। आइए पहले इस पर फोकस करते हैं। मुझे लगता है कि यह आपको विराट कोहली बेहतर बता पाएंगे। मुझे लगता है कि अगर भारत वर्ल्ड कप को जीतने में सफल रहता है, तो विराट के लिए संन्यास लेने का यह खराब समय नहीं होगा। उनको कहना चाहिए कि आप सभी का धन्यवाद। अब मैं आने वाले कुछ सालों में सिर्फ टेस्ट क्रिकेट और थोड़ा बहुत आईपीएल खेलूंगा और अपने करियर के आखिरी पड़ाव का आनंद लूंगा।

# रोहित-कोहली की होगी वापसी, गिल करेंगे आराम

**क्रिकेट**

## तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया से आज होगी भारत की भिड़ंत

दोनों टीमों के बीच मुकाबला राजकोट में खेला जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंदौर में सीरीज को सील कर चुके भारतीय टीम तीसरे और आखिरी वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से बुधवार को भिड़ेगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला राजकोट में खेला जाएगा। दूसरे वनडे में टीम इंडिया का प्रदर्शन बेमिसाल रहा था। बल्लेबाजों ने जमकर चौके-छक्कों की बरसात की थी, तो अश्विन-जडेजा का जादू भी सिर चढ़कर बोला था। तीसरे वनडे में नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की टीम में वापसी होगी।

**सीनियर प्लेयर्स की होगी वापसी** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम के प्लेइंग इलेवन में सीनियर प्लेयर्स की वापसी




होगी। पहले दो वनडे मैचों में आराम करने के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और कुलदीप यादव तीसरे एकदिवसीय मैच में रंग जमाते हुए नजर आएंगे। वर्ल्ड कप 2023 से पहले यह भारतीय टीम का आखिरी इंटरनेशनल मैच है, ऐसे में भारतीय प्लेयर्स इस मैच में दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे।

**शुभमन गिल को आराम, अक्षर बाहर:** दूसरे वनडे मुकाबले में बेहतरीन शतकीय पारी खेलने वाले शुभमन गिल और शार्दुल ठाकुर को तीसरे विकेट के लिए आराम दिया गया है। शुभमन गिल की जगह पर ईशान किशन रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करते हुए नजर आएंगे। इंजरी से पूरी तरह से नहीं उबर पाने की वजह से अक्षर पटेल तीसरे मैच के लिए भी उपलब्ध नहीं होंगे। जसप्रीत बुमराह अपनी गेंदबाजी से आखिरी वनडे में रंग जमाते हुए दिखाई देंगे।

**भारत की संभावित प्लेइंग 11:** रोहित शर्मा, ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

## राजकोट में लगेगा रनों का अंबार जमकर होगी चौके-छक्कों की बरसात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है। सीरीज के आखिरी मुकाबले में दोनों टीमों की भिड़ंत राजकोट में होगी। भारतीय टीम में नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत सीनियर प्लेयर्स की वापसी होगी। ऐसे में टीम इंडिया कंगारुओं का सूपड़ा साफ करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की टीम सीरीज का अंत जीत के साथ करना चाहेगी।

**कैसी खेलती है राजकोट की पिच?:** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का तीसरा मैच राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला



जाएगा। इस मैदान पर जमकर चौके-छक्कों की बरसात होती है। गेंद बल्ले पर काफी अच्छी तरीके से आती है और इस ग्राउंड पर शॉट्स खेलना भी काफी आसान होता है। गेंदबाजों के लिए राजकोट में रनों पर लगाम लगाना एक बड़ा चैलेंज रहता है।

**क्या कहते हैं आंकड़े?:** राजकोट के इस मैदान पर अब तक कुल तीन वनडे मैच खेले गए हैं, जिसमें से तीनों ही मैचों में जीत पहले बैटिंग करने वाली टीम के हाथ लगी है। यानी टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला यहां पर फायदे का सौदा रहा है। चेज करते हुए अब तक कोई भी टीम इस ग्राउंड पर एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। पहले पारी में एवरेज स्कोर 311 का रहा है, जबकि दूसरी इनिंग में औसतन स्कोर 290 का रहा है।

**सीनियर प्लेयर्स की होगी वापसी** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम के प्लेइंग इलेवन में सीनियर प्लेयर्स की वापसी होगी। पहले दो वनडे मैचों में आराम करने के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और कुलदीप यादव तीसरे एकदिवसीय मैच में रंग जमाते हुए नजर आएंगे। वर्ल्ड कप 2023 से पहले भारतीय टीम का आखिरी इंटरनेशनल मैच है, ऐसे में भारतीय प्लेयर्स इस मैच में दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे।

### एशियन गेम्स में 17 साल की नेहा ठाकुर को कमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** निंगबो। एशियन गेम्स के तीसरे दिन भारत की पदक का खाता खुल गया है। सेलर (पाल नाविक) नेहा ठाकुर ने लड़कियों की डिंगी आईएलसीए-4 स्पर्धा में अपने नाम किया। यह भारत का इस एशियन गेम्स में 12वां मेडल है। 'नेशनल सेलिंग स्कूल' भोपाल की एक उभरती हुई खिलाड़ी नेहा का अभियान कुल 32 अंक के साथ खत्म हुआ। उनका नेट स्कोर हालांकि 27 अंक रहा जिससे वह थाईलैंड की स्वर्ण पदक विजेता नोपासोर्न खुनबूनजान के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा का कांस्य सिंगापुर की कीरा मैरी कार्लाइल के नाम रहा, जिनका नेट स्कोर 28 था। पाल नौकायन (सेलिंग) में खिलाड़ियों के सबसे खराब स्कोर को पूरे रेस के स्कोर से घटाकर नेट स्कोर का आकलन किया जाता है। सबसे कम नेट स्कोर वाला खिलाड़ी विजेता बनता है। लड़कियों की डिंगी आईएलसीए-4 कुल 11 रेस की स्पर्धा थी। इसमें नेहा ने कुल 32 अंक हासिल किये। इस दौरान पांचवें रेस में उनका प्रदर्शन सबसे खराब रहा। इस रेस में नेहा को पांच अंक मिले थे।

पेज थ्री देहरादून

एसीएस ने आधार कार्ड के साथ ही राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश देते हुए।

देहरादून, बुधवार, 27 सितंबर 2023

हमारा दून





## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनायें

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश का नैसर्गिक प्राकृतिक सौन्दर्य सदियों से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है। हमारे चार धाम सदियों से देश व दुनिया के करोड़ों लोगों के आस्था के केंद्र रहे हैं। राज्य की आर्थिकी को मजबूती देने में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। रोड़ कनेक्टिविटी एवं हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार से निश्चित रूप से राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और राज्य की आर्थिकी के लिए लाभकारी होगा।

### ऊर्जा के उपनल कर्मचारियों का आज से आंदोलन का ऐलान

**संवाददाता** देहरादून। समान काम का समान वेतन देने की मांग को लेकर उपनल कर्मचारी महासंघ ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। बुधवार से उपनल कर्मचारी ऊर्जा निगम और यूजेवीएनएल में सत्याग्रह शुरू करेंगे। महासंघ अध्यक्ष ललित मोहन नेगी और महामंत्री जयंती सिंह ने कहा की समान काम का समान वेतन देने की मांग को लेकर लगातार हीलाहवाली की जा रही है। श्रम न्यायालय और हाईकोर्ट की ओर से समान काम का समान वेतन देने के आदेश दिए जा चुके हैं। इसके बाद भी इन आदेशों को लागू नहीं किया जा रहा है। उल्टा सरकार और निगम मैनेजमेंट हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई है। इससे साफ है की उपनल कर्मचारियों को लेकर कोई सहानुभूति नहीं है।

### टाइटन आई उत्तराखंड में 14 वर्ष तक के बच्चों की आंखों की जांच करेगा

**संवाददाता** देहरादून। नेत्र स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने और बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से, टाइटन आई ने उत्तराखंड में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए नेत्र जांच कार्यक्रम की घोषणा की है। कंपनी उत्तराखंड क्षेत्र के देहरादून में 500 से अधिक छात्रों की स्क्रीनिंग करने की योजना बना रही है।

### सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड ने विस्तार योजना का ऐलान किया

**संवाददाता** देहरादून। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड भारत की प्रमुख बिजली संशोधन उपकरण और ट्रांसफार्मर निर्माता कंपनी ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के मौके पर एक महत्वपूर्ण घोषणा करने का मौका चुना है। कंपनी अब हापुड़, उत्तर प्रदेश में एक नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए एक बड़े पैमाने पर निवेश का चयन किया है।

# सड़कों के पैचवर्क के लिए दो महीने का गहन अभियान चलाने की डेडलाइन

**निर्देश**

■ अपर मुख्य सचिव ने चिकित्सा, पेयजल, शिक्षा, सड़कों व अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने को जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में सड़कों के पैचवर्क (गडढा मुक्त) के लिए इस वर्ष 450 करोड़ रूपये जारी कर दिए गए हैं। गढ़वाल मण्डल के जिलाधिकारियों को भी एसीएस ने सड़कों को गडढा मुक्त करने के लिए 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक दो महीने का गहन अभियान चलाने की डेडलाइन दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में क्रैश बैरियर लगाए जाने को लेकर शासन स्तर पर कार्यवाही पूरी हो चुकी है। सड़क सुरक्षा के लिए इस वर्ष 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

एसीएस ने जिलाधिकारियों को इस सम्बन्ध में जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एम्स ऋषिकेश में पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की सहायता व सुविधा के लिए हेल्प डेस्क तथा जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनाने में सहायता के लिए एम्स में भी विशेष हेल्प डेस्क बनाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गढ़वाल मण्डल के जनपदों में चिकित्सा, पेयजल, शिक्षा, सड़कों व अन्य मूलभूत जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।



डेंगू के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को जिलों में डेंगू कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही जन जागरूकता व स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को पीएमजीएसवाई योजना की नियमित समीक्षा के साथ ही इसमें जिला प्रशासन की सक्रिय भागीदारी की हिदायत दी है। एसीएस ने गढ़वाल मण्डल के जिलों विशेषकर चारधाम यात्रा मार्ग पर वेस्ट मैनेजमेण्ट में बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने के साथ ही इस पर त्वरित कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत दी है यदि पर्वतीय क्षेत्रों में किसी भी स्थान पर टैम्परेरी ट्रॉली के उपयोग का मामला संज्ञान में आता है तो वहां पर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव तत्काल शासन को भेजा जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को पर्यटक स्थलों विशेषकरचारधाम यात्रा रूट पर पार्किंग स्थल चिहिन्त कर इस सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द आवास विभाग को भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

बैठक में सचिव श्रीमती राधिका झा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, अपर सचिव डा. अमनदीप कौर, विनीत कुमार, जितेन्द्र कुमार सोनकर तथा वर्चुअल माध्यम से गढ़वाल मण्डल के सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूल ड्रॉप आउट करने वाली बालिकाओं के आंकड़े जुटाने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने निराश्रित, बालश्रम से मुक्त बच्चों के तहसील स्तर पर अभियान चलाकर आधार कार्ड के साथ ही राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्रमिकों विशेषकर खनन क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए मोबाइल स्कूलों की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने जिलाधिकारियों को राज्य में बाल विवाह रोकने के लिए विद्यालयी शिक्षा विभाग की मदद से कक्षा 8 के बाद स्कूल ड्रॉप आउट करने वाली बालिकाओं के आंकड़े जुटाने के निर्देश भी दिए। सचिवालय में बालश्रम से सम्बन्धित समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने राज्य में बालश्रम रोकने व अनाथ बच्चों के कल्याण, अच्छी शिक्षा व परवरिश के लिए जिला स्तर पर विभिन्न समितियों के स्थान पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता के एक अम्ब्रेला कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को निराश्रित व बालश्रम से रिस्क्यू किये गये बच्चों की पुनर्वास के दौरान उनकी प्रगति की निरन्तर मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए गए।

# प्रवासी उत्तराखण्डियों से आह्वान, साल में एक बार अपने प्रदेश अवश्य आयें

**स्वागत**

■उत्तराखण्डी लोकगीतों में झूमा लंदन, सीएम धामी के स्वागत में भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सोमवार को लंदन पहुँचने पर वहां मौजूद प्रवासी भारतीय एवं लंदन में रह रहे उत्तराखंड के निवासियों द्वारा भव्य रंगारंग स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। लंदन में रह रहे उत्तराखण्ड के प्रवासियों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी लोकगीतों पर मनमोहन प्रस्तुति दी गई। स्वागत कार्यक्रम में मौजूद समस्त प्रवासी भारतीय उत्तराखण्ड के पारंपरिक परिधानों में नजर आए।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने लंदन में रह रहे समस्त प्रवासी उत्तराखण्ड के लोगों का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि "यह मेरा सौभाग्य है कि उत्तराखण्ड के मुख्य सेवक के रूप में मुझे इन्वेस्टर समिट की बैठक में शामिल होने के लिए लंदन आने का अवसर प्राप्त हुआ।" उन्होंने कहा लंदन में उत्तराखण्ड के लोगों की इतनी बड़ी भारी संख्या में उपस्थित देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि यूके में भी उत्तराखण्ड का छोटा यूके बसता है।

मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम में मौजूद प्रवासी उत्तराखण्डियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि होने के साथ ही योग, आध्यात्मिक की भी भूमि है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी जड़े उत्तराखण्ड से जुड़ी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने समस्त प्रवासी उत्तराखण्डियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह साल में एक बार अपने प्रदेश उत्तराखण्ड जरूर आएँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज विदेशों में भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का चक्का जाम स्थगित

**संवाददाता** देहरादूनं रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संयोजक मंडल की ओर से मंगलवार को दून स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें नई बसों की खरीद, डग्गामार बसों के खिलाफ कार्रवाई समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में 27 सितंबर की मध्यरात्रि से प्रस्तावित चक्का जाम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। अब तीन अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। तीन अक्टूबर को आईएसबीटी देहरादून पर एक दिवसीय कार्यबहिष्कार, पांच अक्टूबर को हल्द्वानी बस स्टेशन व 6 अक्टूबर को टनकपुर कार्यशाला पर एक दिवसीय कार्यबहिष्कार करेंगे। दस अक्टूबर को परेड ग्राउंड से सचिवालय कूच और मध्यरात्रि से संपूर्ण कार्यबहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने फोन पर वार्ता कर उन्हें मांगों को लेकर जल्द ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया दिया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।